an>

Title: Need to re-construct Mankapur-Babhnan road leading to Bhagwan Swami Narayan Temple, Chhapia, in Uttar Pradesh, under C.R.F.

श्री कीर्ति वर्धन सिंह (गौंडा) : महोदया, मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गोण्डा की एक महत्वपूर्ण सड़क की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इस सड़क की अनुमानित लम्बाई 30 किलोमीटर है और यह अत्यंत ही खस्ता हाल में है। सड़कों के नाम पर सिर्फ गड्ढ़े रह गए हैं और उस पर आवागमन अत्यंत ही कष्टदायक है। यह महत्वपूर्ण आवागमन वाली सड़क श्री नारायण स्वामी, छपिया के पवित्र जन्मस्थली को मनकापुर और बभनान रेलवे स्टेशन से जोड़ती है। मैं यह बताना चाहूंगा कि प्रतिवर्ष हजारों की तादाद में श्रद्धालुगण इसी मार्ग का प्रयोग करके श्री स्वामी नारायण मन्दिर छपिया के दर्शन करने आते हैं। दर्शनार्थियों में विदेश एवं पश्चिमी भारत खासतौर पर गुजरात एवं महाराष्ट्र के श्रद्धालुगण भी शामिल रहते हैं। यह सड़क जो कि मनकापुर, मसकनवा, छपिया होते हुए बभनान को जोड़ती है, एक अन्य जिला मार्ग की श्रेणी में है तथा गोण्डा जिले को बस्ती जिले से जोड़ती है। विगत कई वर्षों से इसका सुदृढ़ीकरण न होने के कारण एवं बरसात के कई मौसम को झेलने की वजह से यह सड़क पूरी तरह टूट चुकी है एवं गड्ढ़ों में तबदील हो गई है। देश और विदेशों से आए श्रद्धालुगण जिनमें ज्यादातर उम्रदराज एवं महिलाएं होती हैं, इन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनम्र निवेदन करना चाहूंगा कि इस सड़क को, जो कि भगवान स्वामी नारायण मन्दिर छपिया को जोड़ती है, इसे अविलम्ब सीआरएफ के अंतर्गत पुनर्निर्माण हेतु आदेश निर्गत करने की कृपा करें।